14. उपसर्ग व प्रत्यय

हिंदी भाषा में नए-नए शब्दों का निर्माण होता ही रहता है। शब्द-निर्माण के इस क्रम में कुछ शब्दांशों को किसी शब्द में जोड़कर नए शब्दों की रचना की जाती है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से उपसर्ग व प्रत्यय के बारे में जानें।
- ❖ समझाएँ, कुछ शब्दांश शब्दों के आगे जुड़कर एक नया शब्द बनाते हैं। उन शब्दांशों को उपसर्ग कहते हैं। बताएँ उपसर्गों का एक निश्चित अर्थ होता है।
- ❖ कुछ शब्दांश शब्दों के पीछे जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं। वे शब्दांश प्रत्यय कहलाते हैं। बताएँ, प्रत्ययों का कोई अर्थ नहीं होता।
- ❖ पृष्ठ 93-96 पर दिए उपसर्ग और प्रत्यय युक्त शब्दों को पढ़वाएँ तथा उपसर्ग-प्रत्यय युक्त शब्दों के अर्थ भी बताएँ।
- ❖ बताएँ, कुछ शब्दों में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग होता है।
- ❖ सुनिश्चित कर लें छात्र भली प्रकार उपसर्ग-प्रत्यय समझ गए हैं।
- ❖ अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर जाँचें।